फर्द अहकाम

नाम न्यायालय :– सहायक कलेक्टर आमेर मु0 जयपुर

भगवान सहाय बनाम ग्रा0प0 भंभोरी वगै0

केस संख्या : ग्रा0प0 21/2021

केस संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही		विशेष विवरण
	12.02.2021	बाद कार्यालय रिपोर्ट पत्रावली प्रस्तुत। कार्यालय रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित वादग्रस्त भूमि के संदर्भ में वर्तमान में पूर्व से ही वाद मय प्रार्थना पत्र बाबत अस्थाई निषेधाज्ञा लंबित है जो स्वयं प्रार्थी द्वारा ही प्रस्तुत किए गए हैं तथा जिसके संदर्भ में स्वयं प्रार्थी द्वारा न्यायालय हाजा के विरुद्ध मुंतकिल प्रार्थना पत्र न्यायालय श्रीमान जिल कलक्टर महोदय जयपुर के समक्ष पूर्व में ही दिनांक 12.01.2021 को पेश किया गया है। उपरोक्त कम में श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के पत्र कमांक 206 दिनांक 13.01.2021 के कम में न्यायालय हाजा के पत्र कमांक 802 दिनांक 03.02.2021 द्वारा टिप्पणी जवाब श्रीमान जिला कलक्टर महोदय जयपुर को प्रेषित किया जा चुका है जिसके संदर्भ में अग्रिम आदेश अपेक्षित है। ऐसी स्थिति में जबकि स्वयं प्रार्थी द्वारा ही न्यायालय हाजा के विरुद्ध मुंतकिल प्रार्थना पत्र पूर्व में ही प्रस्तुत किया गया है तो न्यायालय हाजा द्वारा श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के अग्रिम आदेश के अभाव में कोई कार्यवाही/सुनवाई वादग्रस्त भूमि के संदर्भ में किया जाना न्यायोचित नहीं पाते। अतः प्रार्थना पत्र प्राथमिक स्तर पर ही खारिज किया जाता है। सहायक कलेक्टर आमेर मु0 जयपुर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Aprana Sharma
Date: 2021.08.03 13:02:51 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner